



# लक्ष्मीगंज और जयस्तंभ चौराहे पर चलाया जेसीबी का पंजा और हथौड़ा

## भेदभाव के लगे आरोप, व्यापारी बोले-बड़े क्रोध में थे कर्मचारी, कहीं कम तो कहीं ज्यादा चालान, जानबूझकर किया नुकसान

नवभारत न्यूज

**गुना 29 अक्टू. का। शहर में बढ़ते अतिक्रमण पर सख्ती करते हुए नगरपालिका अमले ने बुधवार सुबह लक्ष्मीगंज और जयस्तंभ चौराहे क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। नपा का अमला जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ पहुंचा। जैसे ही दुकानें खुलीं, नपा की जेसीबी ने फुटपाथ और सडकों पर बढ़ाए गए हिस्सों को हटाना शुरू किया।**

अचानक शुरू हुई इस कार्रवाई से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई दुकानदार तुरंत अपने सामान समेटते नजर आए, वहीं कुछ दुकानों पर जेसीबी का पंजा और हथौड़ा भी चला, जिससे बनाए गए पक्के और अस्थायी शेड को तोड़ा गया। जिन दुकानदारों के पास अतिरिक्त सामान, बोर्ड या टीनशेड सडक की ओर फैले मिले, उन पर चालानी कार्रवाई भी की गई। हालांकि इस दौरान नपा कर्मचारियों पर भेदभाव और जबरन नुकसान करने के आरोप भी लगे। व्यापारियों के अनुसार अतिक्रमण तोडने् आई नपा के टीम के कर्मचारी भारी गुस्से में लग रहे थे जिसने व्यापारियों की एक नहीं सुनी और सीधे पंजा चलाना शुरू कर दिया। इस दौरान



कुछ दुकानें तो खुली भी नहीं थी। इस दौरान किसी दुकान का कैमरा टूट गया तो किसी की शटर। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि नपा कर्मचारियों ने जानबूझकर नुकसान किया। वहीं चालानी कार्रवाई में भी जमकर भेदभाव किया। किसी का 1000 रुपए का चालान काटा तो किसी का 2000 हजार किसी का 5000। यह समझ से परे है। एकचाय वाले के पास चालान पैसे नहीं थे तो उसके दुकान को आड़ देने लगाई गई 3 फुट का निर्माण तोड़ दिया गया। जबकि पास में ही एक कपड़े की दुकान का 2000 का चालान बना कर उसे छोड़ दिया गया। अतिक्रमण विरोधी की कार्रवाई की जद में कोतवाली गली की कोने में बनी प्याऊ भी आ गई। जिसे भी तोड़ दिया गया। उक्त प्याऊ गुना के इतिहास में वर्षों से लोगों की प्यास बुझा रही थी और एक पहचान बन गई थी। लेकिन इस प्याऊ की आड़ में अतिक्रमण भी बढ़ गया था। नगरपालिका द्वारा एक दिन पूर्व ही मुनादी कर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद कई दुकानदारों ने निर्धारित सीमा से अधिक जगह घेर रखी थी, जिस पर अमले ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। नपा की कार्रवाई जैसे-जैसे मुख्य बाजार की ओर बढ़ी, कई दुकानदार स्वयं ही अपने बढ़े हुए हिस्से हटाने में जुट गए, ताकि जेसीबी से नुकसान न हो। कार्रवाई के दौरान कुछ व्यापारियों और दुकानदारों ने समय देने की मांग करते हुए विरोध भी किया। उनका कहना था कि अचानक कार्रवाई से नुकसान होता है, इसलिए कम से कम तैयारी का अवसर मिलना चाहिए। वहीं व्यापारिक संगठनों के नेताओं ने नगरपालिका की कार्रवाई को



सही ठहराया, लेकिन दुकानदारों को सीमित समय देने की मांग दोहराई, ताकि बिना विवाद और नुकसान के अतिक्रमण हटाया जा सके। नगरपालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर की सडकों को अवरुद्ध करने वाले अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### अतिक्रमण हटाने दुकानदारों को समय ही नहीं मिला

इस मौके पर उद्योग एवं व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल भी इस दौरान मौके पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि वे या कोई दुकानदार प्रशासन की कार्रवाई का विरोध नहीं कर रहा है। लेकिन इसकी सूचना दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका ने कल मंगलवार को मुनादी करा दी और आज कार्रवाई शुरू हो गई, इसलिए दुकानदारों को अपना अतिक्रमण हटाने समय ही नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि जो अतिक्रमण हैं, उसे हटाना चाहिए इससे बाजार भी सुंदर दिखेगा। उन्होंने ये भी कहा कि दुकानों के ऊपर बारिश व धूप से बचने 4-5 फिट की सिलिंग दुकानों पर लगा सकते हैं। लेकिन किसी ने ज्यादा जगह घेर रखी है तो प्रशासन अपनी कार्रवाई करे। हम प्रशासन की कार्रवाई का विरोध नहीं कर रहे हैं। लेकिन नाजायज कार्रवाई होगी तो हम विरोध भी करेंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगरपालिका को सूचना देने के बाद दुकानदारों को कुछ समय देना था, जिससेदुकानों के बाहर अनावश्यक टूट-फूट नहीं होती और व्यापारी अपना अतिक्रमण हटा लेते।

### एक नजर में

#### पाना न देने पर विवाद में हमला, युवक व पत्नी पर लाठी-घूसें से चोटें

**गुना।** जिले के मृगवास थाना क्षेत्र में हरिसिंह को पाना माँगने को लेकर विनोद और गुड्डु बंजारा ने मारपीट की। फरियादी हरिसिंह (35) पुत्र भामा बंजारा निवासी ग्राम बाड़ाबर्रा ने अपनी पत्नी कजोड़ी बंजारा व चाचा के पुत्र रामचरण बंजारा के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि कल उसने गुड्डु से मोटर खोलने के लिए पाना मांगा था, जिसे गुड्डु ने इनकार कर दिया था। इसी बात पर बने मनमुटाव के बाद आज दोपहर एक बजे के करीब जब वह रामचरण के घर के आगे खड़ा था तो गुड्डु व विनोद वहां आए और बहस शुरू हो गई। हरिसिंह के अनुसार दोनों ने गाली-गलौज करनी शुरू की। विरोध करने पर गुड्डु ने उसे पकड़ लिया और विनोद ने लाठी से सिर पर हमला कर दिया, जिससे सिर से खून बहने लगा।

बचाने आई उसकी पत्नी कजोड़ी पर भी दोनों ने घूंसे बरसाए, जिससे उसकी पीठ में चोट लगी। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट लेकर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसों की श्रृंखला : कुंभराज में युवक की मौत, कैंट और आरोन में तीन लोग घायल

**गुना।** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सडक दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आईं। सबसे गंभीर हादसा कुंभराज क्षेत्र में हुआ, जहां मोटर साइकिल सवार दो भाइयों को पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कैंट क्षेत्र में कार और ट्रक की टक्कर में वाहन क्षतिग्रस्त हुआ, जबकि आरोन में लापरवाह स्कूटी चालक ने एक महिला को घायल कर दिया। पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सबसे बड़ी घटना कुंभराज थाना क्षेत्र के गौरेखेड़ा मोड़ के पास शाम करीब 5 बजे हुई। फरियादी रमन भील अपने छोटे भाई तेजकरण भील के साथ मोटरसाइकिल से कुंभराज जा रहा था। तभी लाल रंग के मैसी ट्रैक्टर चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में रमन एवं तेजकरण दोनों सडक पर गिर पड़े। रमन के पैर और हाथ में गंभीर चोटें आईं, जबकि तेजकरण को उपचार के लिए कुंभराज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। दूसरी घटना कैंट थाना क्षेत्र की है। फरियादी सोनू अंसारी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ टाइसर टोयोटा कार से इंदौर से बनारस जा रहा था। सुबह करीब 7 बजे गुना बायपास एबी रोड पर पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक जीजे 01 एमटी 2879 के चालक ने तेज और लापरवाह तरीके से वाहन चलाते हुए कार में टक्कर मार दी। टक्कर में कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ, हालांकि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे। फरियादी की शिकायत पर कैंट पुलिस ने मामला दर्ज किया है। तीसरी घटना आरोन थाना क्षेत्र की है। फरियादी राजेश गोस्वामी अपनी मां गीता बाई को पेंशन निकालने के लिए ले जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे रिजोदा तिराहे के पास एक लाल रंग की एक्टिवा क्रमांक एमपी 08-7154 के चालक ने तेज गति से स्कूटी चलाते हुए गीता बाई को टक्कर मार दी, जिससे उनके बाएं हाथ में चोट आई और खून निकल आया। पुलिस ने स्कूटी क्रमांक के आधार पर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## महिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू गुना में डॉ. सीमा सुराणा ने की रायशुमारी

**गुना।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत अब पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में महिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के गृह जिले में भी यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के निर्देश पर यह चयन प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में बुधवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री, राघोगढ़ विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में वर्तमान जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा यादव ने कार्यक्रम आयोजित कर बैठक का संचालन किया।

गुना जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक डॉ. सीमा सुराणा ने राजीव गांधी कांग्रेस भवन में महिला कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की और उन्हें अभियान के उद्देश्यों और प्रक्रिया की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, संगठन सृजन अभियान के तहत अब तक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर चुकी है। अब पार्टी महिला कांग्रेस सहित अन्य प्रकोष्ठों में पदाधिकारियों की नियुक्ति पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इनमें महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष का पद विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गुना जिले में यह जिम्मेदारी अशोकनगर की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री डॉ. सीमा सुराणा को सौंपी गई है। सुराणा ने बुधवार को जिलेभर से आई महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चर्चा की। बैठक में छह महिलाओं ने जिला अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की और बायोडाटा पर्यवेक्षक को सौंपे इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव राजकुमारी गुर्जर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी राधा कुशवाह, जिला अध्यक्ष महिला उत्पीडन् निवारण समिति अंजुला सोनी, जिला उपाध्यक्ष शहरबानो, जिला उपाध्यक्ष प्रीति परिहार, चाचौड़ा ब्लॉक अध्यक्ष जयश्री मीणा, कुंभराज ब्लॉक अध्यक्ष चिंता जोशी, पूर्व पार्षद गीता धाकड़, संगठन मंत्री अख्तरी बानो, वार्ड 7 अध्यक्ष रामकली गोस्वामी, संगठन सचिव नारायणी भारतपुरिया, वार्ड 5 अध्यक्ष सायरा बानो, ललिता कुशवाह, कमला बाई, रंबाई, नरमदा बाई, रुकमणी बाई, रानी श्रीवास्तव, मनीषा मीणा, कल्पना मालवीय, यास्मीन अली, आरती कौशल आदि मौजूद रहीं। दावेदारी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

डॉ. सुराणा ने महिला कार्यकर्ताओं को अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हुए कहा कि जो भी इच्छुक हैं, वे 30 अक्टूबर की दोपहर तक संपर्क कर सकती हैं। इसके बाद उसी दिन वह अपनी रिपोर्ट कांग्रेस नेतृत्व को सौंपेंगी। अंतिम निर्णय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा लिया जाएगा।



## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, सिर में गंभीर चोट, ग्वालियर रेफर

**गुना।** जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर गंभीर हमला करने का मामला सामने आया है। फरियादी नवल बुनकर (37) निवासी वार्ड क्रमांक 02 टेकरी के पास कुंभराज ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। नवल के अनुसार गत शाम वह अपने चाचा रज्जन के साथ अपने भाई कमल के घर जा रहा था। इसी दौरान जब वह रिलायंस टावर के पास पहुंचा, तो देवपंथी बुनकर ने उसे मां-बहन की गालियां देना शुरू कर दीं। नवल द्वारा गालियां देने से मना करने पर आरोपी ने ईंट फेंककर उसके सिर में मारी, जिससे बाईं तरफ गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा। इसी दौरान आरोपी की बहन सिमरन और उसकी मां रुकमणी भी वहां आ गईं। आरोप है कि सिमरन ने लोहे की छड़ से उसके सिर पर हमला किया, जिससे दूसरी गंभीर चोट लग गई। इसके बाद दोनों ने मिलकर लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसके सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। इसके बाद परिजनों ने पहले उसे कुंभराज अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल गुना और फिर ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उपचार के बाद ठीक होने पर पीडि़ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्व-सहायता समूहों ने दी मेले में सरकारी योजनाओं की जानकारी



**गुना।** जिला प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा बुधवार को अंगीकार अभियान के अंतर्गत अंगीकार मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न विभागों सहित स्व-सहायता समूहों ने अपने स्टॉल लगाए, जिनमें स्थानीय उत्पादों, सरकारी योजनाओं और सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला चिकित्सालय द्वारा मेले में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। अंगीकार मेले का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में जिले की विभिन्न नगरपालिकाओं ने सहभागिता की। लीड बैंक ऑफिसर के संयुक्त बैनर तले बैंकों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वरोजगार योजनाओं, मुद्रा लोन, कौशल विकास सहित अन्य योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएँ जनता के हित के लिए हैं और इनमें लाभार्थियों को किसी भी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ता।

## पायनियर के सागर अग्रवाल निर्विरोध मंडल उपाध्यक्ष निर्वाचित



**गुना।** नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जेसीआई गुना पायनियर के भूतपूर्व अध्यक्ष सागर अग्रवाल को ग्वालियर में आयोजित जेसीआई जोन कॉन्फ्रेंस में निर्विरोध मंडल उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया। सागर अग्रवाल के निर्वाचन से संस्था के सदस्यों सहित नगर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जोन कॉन्फ्रेंस में जेसीआई गुना पायनियर के पूर्व अध्यक्ष पंकज वैश्य, विकास सोनी, जितेश जैन, मयंक अग्रेस, वर्तमान अध्यक्ष चित्रांक अग्रवाल, निकित जैन, धीरज अरोरा, यशा जैन, निकिता अग्रवाल और तिया अग्रेस सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। इसके साथ ही जेसीआई गुना सेंट्रल से पुनीत अग्रवाल, रवि अग्रवाल और जेसीआई गुना शक्ति से मीना मित्तल समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और सागर अग्रवाल के निर्वाचित होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जेसीआई गुना पायनियर को वर्षभर किए गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए 22 पुरस्कार प्रदान किए गए, जो गुना शहर के लिए गौरव की उपलब्धि रही। सागर अग्रवाल के निर्विरोध निर्वाचन और संस्था की उपलब्धियों पर नगरवासियों और सदस्यों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## डूबने से मृत व्यक्तियों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में डूबने से हुई दुर्घटनाजन्य मृत्यु के प्रकरणों में मृतकों के वैध वारिसों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। एसडीएम राघौगढ़ अमित कुमार सोनी द्वारा आर.बी.सी. 6-4(5) की कंडिका 2 के अंतर्गत तीन प्रकरणों में ?4-4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त प्रतिवेदनों एवं अनुवर्ती जांच के परीक्षण उपरांत यह प्रमाणित हुआ कि दिनांक 21 अगस्त 2025 को ग्राम कुन्दा में मनीषा उर्फ पूजा बंजारा पिता किशनलाल, दिनांक 14 जनवरी 2025 को ग्राम कडैया में रवि जाटव पुत्र मुंशीलाल, तथा दिनांक 7 सितम्बर 2025 को ग्राम सुन्द्रखेड़ी में अभिषेक शिल्पकार पुत्र सीताराम शिल्पकार की मृत्यु पानी में डूबने से हुई थी। इन प्रकरणों में आर.बी.सी. 6-4(5) के प्रावधानों के अनुसार मृतकों के वैध वारिसों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। मृतका मनीषा उर्फ पूजा बंजारा के पिता किशनलाल बंजारा, ग्राम कुन्दामृतक रवि जाटव की पत्नी कलावतीबाई जाटव, ग्राम कडैया एवं मृतक अभिषेक शिल्पकार की माता गुड्डीबाई शिल्पकार, ग्राम बीनागंज, तहसील चांचौड़ा को 04-04 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

युवा संगम कार्यक्रम | निजी क्षेत्र की 8 कंपनियों द्वारा 224 से अधिक युवाओं को प्रदाय किए गए ऑफर लेटर

# 755 हितग्राहियों को किया गया हितलाभ वितरण

नवभारत न्यूज

**गुना। जिला प्रशासन गुना द्वारा युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यक्रम का आयोजन शास आईटीआई राघौगढ़ में आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में राघौगढ़ नपाध्यक्ष विजय साहू व राघौगढ़ एसडीएम अमित सोनी ने युवा संगम में सम्मिलित होकर युवाओं को संबोधित कर हितग्राहियों का मार्गदर्शन कर उन्हे बधाई शुभकामनाएं दी।**

आप कंपनी में ज्वाइन करो अनुभव प्राप्त करो स्किल डेवलप करो, आपके पास नॉलेज आ गई स्किल आ गई। तो नौकरी मिलने में आसानी होती है। साथ ही रोजगार प्राप्त करने का स्वरोजगार भी अच्छा विकल्प है। इसके माध्यम से आप सफल उद्यमी बनकर दूसरों को भी रोजगार देने वाले बन सकते हो यह बात युवा संगम कार्यकम में राघौगढ़ एसडीएम श्री अंकित सोनी ने अपने उद्बोधन में कहीं, उन्होंने कहा



कि हमारे कलेक्टर सर के मार्गदर्शन में हर माह निर्धारित दिवस पर युवा संगम कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें एक ही मंच पर युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जाता है साथ ही स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी के साथ हितलाभ भी वितरण किया जाता है। इसी क्रम में आज राघौगढ़ में आयोजित कार्यक्रम बड़ी संख्या में युवा कार्यक्रम में उपस्थित हुए जिन्होंने योजनाओं की जानकारी प्राप्त की, ऑफर लेटर प्राप्त किए उन सभी को जिला प्रशासन की ओर से हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आरंभ कराया।

विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं 755 हितग्राहियों को 06 करोड़ 26 लाख का किया गया हितलाभ वितरण किया। युवा संगम कार्यक्रम में 755 हितग्राहियों को 06 करोड़ 26 लाख रुपए का हितलाभ का वितरण कराया गया। इसी के साथ ही निजी क्षेत्र की 8 कंपनियों द्वारा 603 से अधिक आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन कर उन्हें 224 को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। साथ ही उपस्थित बच्चों को नशामुक्त अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति के लिए युवाओं को शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा युवाओं को स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियो द्वारा वित्तीय साक्षरता अभियान अंतर्गत बैंक प्रक्रिया,बीमा योजनाएं एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को मौके पर वितरित किए गए हितलाभ

युवा संगम कार्यक्रम में आज टोकन स्वरूप मौके पर उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना,ग्रामोद्योग विभाग की पीएम विश्वकर्म योजना, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह को सीसीएल का ऋण वितरित किया गया। उद्यानिकी विभाग की पीएमएफएमई योजना,प्रधानमंत्री मंत्री मुद्रा योजना के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण अतिथियों की उपस्थिति में कराया गया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन आईटीआई प्राचार्य पल्लवी पाराशर द्वारा युवा संगम कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम संचालन जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीना ने किया एवं आभार प्रकट प्रबंधक उद्योग प्रवीण बैंसला द्वारा किया गया। इस अवसर नायब तहसीलदार रेणु कांसलीवाल, जनपद पंचायत सीईओ गौरी शंकर राजपूत,जिला प्रबंधक आजीविका मिशन डीपी कम्ठान, पॉलिटेक्निक प्राचार्य के आर डेहरिया, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय राजपूत, सहा प्रबंधक उद्योग वासुदेव रावत,सबवीर जाटव,ग्रामोद्योग अधिकारी मिलिंद देशपांडे, श्रम निरीक्षक आरके चौदहा, प्रशिक्षण अधिकारी केआर बाथम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में आए युवाओं को स्वरोजगार और निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर दिए गए।

## पारदी समाज के उत्थान हेतु ग्राम कनेरा में जनकल्याण शिविर




नवभारत न्यूज

**गुना।** ग्राम पंचायत विश्वनगर, (ग्राम कनेरा) जनपद पंचायत बमोरी में आज पारदी समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान के उद्देश्य से एक दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पारदी समाज के नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा मौके पर ही अनेक विभागों द्वारा सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आयुष्मान भारत, आधार पंजीयन सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) गुना अमिताभ मिश्र, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, तथा पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर स्थल पर राजस्व, कृषि, खाद्य नागरिक आपूर्ति, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक, औद्योगिक तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग आदि की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। मौके पर उपस्थित आमजन को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों का निराकरण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी ने पारदी समाज के नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा पारदी समाज के लोग मेहनती हैं और मुख्यधारा से जुडकर आगे बढना चाहते हैं। उन्होंने कहा जीवन में सफलता के अनेक मार्ग हैं - शिक्षा एवं परिश्रम के माध्यम से समाज में सम्मानपूर्वक जीवनयापन किया जा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन द्वारा किसी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक परेशान नही किया जायेगा। तथा प्रत्येक मामले में निष्पक्ष जांच की जायेगी। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा प्रशासन पारदी समाज के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया मोबाइल कोर्ट के माध्यम से अभी तक 100 से अधिक लोगों को कब्जा संबंधी प्रकरणों में मौके पर ही राहत प्रदान की गई। उन्होंने कहा रोजगार के लिए शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिससे समाज के लोग आत्मनिर्भर बन सकें। कलेक्टर ने सभी से निर्भीक होकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने् का आह्वान किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने कहा न्यायालय के द्वार सभी नागरिकों के लिए सदैव खुले हैं।